


Carpenter's monthly newspaper

www.carpentersnews.com

# कारपेंटर्स न्यूज

मासिक समाचार पत्र

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मुंबई | अक्टूबर 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 11 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए

पीएम ने कहा - समाज के विकास में विश्वकर्मा साथियों का बड़ा योगदान... पेज - 2



### नए भारत में हुनर को सम्मान

# पीएम ने कहा - समाज के विकास में विश्वकर्मा साथियों का बड़ा योगदान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा महापूजा के अवसर पर पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां शास्त्रों में कहा गया है- 'यो विश्वं जगतं करोत्येसे स विश्वकर्मा' अर्थात जो समस्त संसार की रचना या उससे जुड़े निर्माण कार्य को करता है, उसे 'विश्वकर्मा' कहते हैं। हजारों वर्षों से जो साथी भारत की समृद्धि के मूल में रहे हैं, वो हमारे विश्वकर्मा ही हैं। जैसे हमारे शरीर में रीढ़ की हड्डी की भूमिका होती है, वैसे ही समाज जीवन में इन विश्वकर्मा साथियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारे ये विश्वकर्मा साथी उस काम, उस हुनर से जुड़े हैं, जिनके बिना रोजमर्रा की, जिंदगी की कल्पना भी मुश्किल है। हमारी जिंदगी में लोहार, दर्जी, जूते वालों की अहमियत कभी खत्म नहीं हो सकती है। आज भी हम मटके और सुराही का पानी पीना पसंद करते हैं।

टेक्नोलॉजी कहीं भी पहुंच जाए, इनकी अहमियत हमेशा रहेगी। हमारी सरकार विश्वकर्मा भाइयों का सम्मान और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए सहयोगी बनकर सामने आई है। उन्होंने कहा कि शायद ही कोई गांव होगा, जहां 18 प्रकार के काम करने वाले लोग नहीं होंगे। इस योजना में इन सभी लोगों को शामिल किया गया है। सरकार योजना के लिए 13 हजार करोड़ रुपए खर्च करने वाली है। मैं 30-35 साल पहले ब्रसेल्स गया था। मुझे एक मित्र ज्वेलरी मार्केट ले गए। उन्होंने बताया कि यहां मशीन से बनी ज्वेलरी की मांग कम और हाथ से बनी ज्वेलरी की मांग ज्यादा होती है। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां आपके दरवाजे पर खड़ी हों, हम ये सामर्थ्य पैदा करना चाहते हैं। विश्वकर्मा साथियों के लिए ट्रेनिंग-टूल्स बहुत जरूरी है। ट्रेनिंग के दौरान भी आपको रोज 500 रुपए भत्ता सरकार की तरफ से दिया जाएगा। टूलकिट के लिए 15 हजार का वाउचर भी मिलेगा। मार्केटिंग में भी सरकार मदद करेगी। कारीगरों और शिल्पकारों से उन्होंने आग्रह किया कि सामान GST वाली दुकानों से खरीदें और टूल्स इंडिया मेड ही खरीदें।



### प्रधानमंत्री ने लॉन्च की पीएम विश्वकर्मा स्कीम, विश्वकर्मा समिति में हुआ लांचिंग का सीधा प्रसारण

# भाजपा नेता आर यू सिंह ने कहा - विश्वकर्मा समाज अर्थव्यवस्था की रीढ़

मुंबई। श्री विश्वकर्मा महापूजा के अवसर पर कारीगर समुदाय के लिए शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना की लांचिंग का सीधा प्रसारण कार्यक्रम सांताक्रुज (पूर्व) स्थित विश्वकर्मा समिति हॉल में किया गया। लाइव प्रसारण उपरांत भाजपा के वरिष्ठ नेता आर यू सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा हम सब पर है। वे निर्माण के देवता हैं। वे हमारी सृष्टि के सर्वोच्च वास्तुकार हैं। श्री विश्वकर्मा महापूजा के दिन देश के कारीगर समुदाय के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की लांचिंग से पारंपरिक रोजगार को नए अवसर मिलेंगे। सिंह ने कहा कि विश्वकर्मा समाज का देश के विकास में अहम योगदान है। कारीगर वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि ऋग्वेद में भगवान विश्वकर्मा को दुनिया के सबसे बड़े कारीगर के रूप में उल्लेख किया गया है। सभी मशीनरी व अन्य वस्तुओं का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया है। भाजपा मुंबई मंत्री प्रतीक करपे ने कहा कि विश्वकर्मा समाज का गौरव प्राचीन और ऐतिहासिक है। विश्वकर्मा समाज के लोग मेहनती और ईमानदार हैं। भाजपा सरकार विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73 वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।









इस अवसर पर भाजपा मुंबई प्रवक्ता अजय सिंह, भाजपा कालीना मंडल अध्यक्ष चंदू मोरे, शिवपूजन सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा मुंबई उपाध्यक्ष गंगाराम विश्वकर्मा, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई के पदाधिकारी महेंद्र विश्वकर्मा, ,संजय विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा, उपेंद्र विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा, अशोक पांडेय,लल्लूराम विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाजजन उपस्थित रहे।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 के बीच पांच वर्षों में 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों और हस्तशिल्प श्रमिकों को विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र मिलेगा। इन लोगों को पहले चरण में एक लाख तक का ब्याज मुक्त लोन मिलेगा। इसके बाद दूसरे चरण में पांच फीसदी की रियायती ब्याज दर के साथ दो लाख रुपए मिलेंगे। केंद्र सरकार की इस योजना से लाभ पाने वाले कारीगरों में लोहार, बढ़ई, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, बुनकर/चटाई/झाड़ू बनाने वाले, रस्सी कातने वाले/बेलदार,पारंपरिक खिलौना निर्माता, नाई, हार बनाने वाले, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाला, नाव बनाने वाले,ताला बनाने वाले समेत 18 तरह के ट्रेडिशनल काम करने वाले कामगार शामिल हैं।

इस योजना के तहत कारीगरों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिदिन 500 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही औद्योगिक उपकरण खरीदने के लिए 15 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत पहले वर्ष में पांच लाख परिवारों को लाभ मिलेगा और पांच वर्षों में कुल 30 लाख परिवारों को इस योजना से लाभ मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस योजना और इसके लिए आवेदन करने के बारे में विस्तृत जानकारी https://pmvishwakarma.gov.in/ वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

संपर्क करें : Mo. 9320566633 / 7588951633 | Email: carpentersnews@gmail.com
हमें फॉलो करें : Facebook.com/carpentersnews | Telegram: https://t.me/carpenters_news

मुंबई | अक्टूबर 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 11 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए


## विश्व वास्तुकला दिवस

काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के अनुसार भारत में 85% से अधिक आर्किटेक्ट 45 वर्ष से कम उम्र के हैं, जो इस तथ्य को दर्शाता है कि आर्किटेक्चर एक ऐसा क्षेत्र है जिसे युवा लोगों द्वारा आकार दिया जाएगा। भारत का रियल एस्टेट और वास्तुशिल्प क्षेत्र इस दशक के अंत तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है। इन युवा आर्किटेक्ट्स की ऊर्जावान भावना निस्संदेह इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।




# संस्था समाज किसी की बपौती नहीं – हंसराज विश्वकर्मा

**मुंबई। वाराणसी भाजपा जिलाध्यक्ष विधायक हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज की संस्थाओं में जो एक बार अध्यक्ष बनता है वह हटना नहीं चाहता है, अध्यक्ष संस्था को अपनी बपौती समझने लगता है। सामाजिक संस्थाओं को अब इस प्रवृत्ति से बचाने की जरुरत है। शासकीय दौरे पर मुंबई पहुंचे हंसराज विश्वकर्मा का सांताक्रुज, कालीना स्थित विश्वकर्मा समिति हॉल में विश्वकर्मा समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया।**




स्वागत समारोह में विश्वकर्मा ने कहा कि संस्थाओं में किसी एक या समूह के एकाधिकार से बगावत होती है और सामाजिक कार्य रुक जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने संविधान बनाया है, उसी संविधान से देश चलता है। देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी आदि सभी ने किया। जब कोई नहीं रहता है तो भी देश चलता है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं में 3 वर्ष, 5 वर्ष चुनाव कराने का नियम है इसका पालन किया जाना चाहिए।

हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। अर्थव्यवस्था के मामले में हम दुनिया में 5 वें नंबर पर हैं। अगर इसी तरह से हमारी विकास गति बढ़ती रही तो आगे चलकर हम अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास व राष्ट्रवाद के मुद्दे पर ही चुनाव में उतरेगी और जनसमर्थन हासिल करेगी।

विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा जाति जनगणना नहीं बल्कि सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि बनारस में ढांचागत विकास के अगणित कार्य हुए जो अन्य राज्य सरकारों के लिए नजीर हैं। इस अवसर पर राजेन्द्र विश्वकर्मा, एड. जे पी शर्मा, सुनील राणा, लल्लूराम विश्वकर्मा, भाजपा ओबीसी मोर्चा मुंबई उपाध्यक्ष गंगाराम विश्वकर्मा, चंद्रकेश विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा, डॉ. पन्नेलाल विश्वकर्मा, माखनलाल विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, रामलाल विश्वकर्मा, वशिष्ठनारायण विश्वकर्मा, धनंजय विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाजजन उपस्थित रहे।

# कारपेंटरों से मिले राहुल गांधी, चलाया आरी और रंदा

**नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली के कीर्ति नगर फर्नीचर मार्केट पहुंचकर कारपेंटरों से बातचीत करके उनका हालचाल जाना। भारत जोड़ो यात्रा के बाद से राहुल गांधी लगातार कामगारों, मजदूरों के पास जाकर उनका काम देख रहे हैं। उनके काम, जीवन और उनकी परेशानियों के बारे में बात कर रहे हैं। यह सिलसिला अप्रैल से शुरू हुआ था।**



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, आज मैं दिल्ली के कीर्ति नगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर बाजार में गया और कारपेंटर भाइयों से मुलाकात की। कड़ी मेहनत करने के अलावा वे अद्भुत कलाकार भी हैं– ताकत और सुंदरता को तराशने में विशेषज्ञ। हमने बहुत सारी बातें की, उनके कौशल के बारे में थोड़ा जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की। ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं। राहुल गांधी इस दौरान कारपेंटरी काम की बारीकियां भी सीखीं। उन्होंने कीर्ति नगर फर्नीचर मार्केट में कारीगरों के साथ मिलकर चार घंटे में एक मेज भी तैयार किया। उस मेज को तैयार करवाने में राहुल गांधी की तीन कारीगरों ने मदद की। रामजीवन, राम ललित और राम दयाल ने राहुल गांधी की मेज तैयार करवाने में मदद की, ये सभी बिहार के रहने वाले हैं। यह वर्कशॉप राम दयाल का है। इसके बाद कारीगरों के साथ राहुल गांधी ने लंच भी किया। काम की बारीकियां सिखाने वाले कामगारों ने कांग्रेस नेता के व्यवहार की तारीफ करते हुए कहा कि एक अच्छे सीखने वाले के सभी गुण मौजूद हैं।






| POINT SLABS | ATOOT BANDHAN GIFTS |
|---|---|
| 3000 | Automatic Washing Machine |
| 4000 | Double Door Fridge |
| 6500 | 1.5 Ton Split AC |
| 10000 | Honda Activa 6g |





# Mr. Vijay Kumar Dutta C.E.O. From Suzu Steel India

Dear Valued Customers and Partners, I am thrilled to announce the launch of our brand-new range of PVC bathroom fittings. As the **CEO** of **SUZU STEEL (INDIA)** , I am delighted to introduce these innovative products that combine quality, durability, and affordability. PVC bathroom fittings have gained immense popularity due to their versatility, low maintenance, and resistance to corrosion.

Our team has worked diligently to develop a collection that embodies these qualities while meeting the diverse needs of our valued customers. With our PVC bathroom fittings, you can expect superior craftsmanship, sleek designs, and seamless functionality. Whether it's faucets, showerheads, or sanitary ware, each product has been thoughtfully engineered to enhance your bathroom experience and add a touch of elegance to your space.

We understand that our customers seek not only reliable products but also ones that offer great value. That is why our PVC fittings combine affordability with the highest standards of quality, ensuring that you receive exceptional performance without compromising your budget. At **SUZU STEEL (INDIA)** we are committed to sustainability, and our PVC fittings are no exception. We have carefully selected eco-friendly materials and implemented responsible manufacturing practices to minimize our environmental impact while delivering reliable products that stand the test of time. To our esteemed partners, I express my gratitude for your continued support and trust. Your collaboration has been instrumental in bringing our new PVC bathroom fittings to fruition, and we look forward to further strengthening our partnership as we embark on this exciting journey together. To our valued customers, I want to extend my sincere appreciation for choosing our brand. We are confident that our PVC bathroom fittings will exceed your expectations, providing you with a stylish and functional solution for your bathroom needs. Thank you for joining us on this new venture. We remain dedicated to delivering excellence, providing exceptional customer service, and continuing to innovate in the world of bathroom fittings.

Warm regards,

**Vijay Kumar Dutta**
**C.E.O.**

# विश्वकर्मा मंदिरों में पूजे गए देव शिल्पी

**मुंबई। देवताओं के इंजिनियर भगवान विश्वकर्मा का पूजा महोत्सव विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से मनाया गया। एक तरफ जहां विश्वकर्मा मंदिरों को साफ सफाई, रंग रोगन से बाद बिजली की रोशनी से सजाया गया, वही कई सामाजिक संस्थाओं ने ढोल नगाड़े और जयकारे संग विश्वकर्मा की प्रतिमा को पंडालों में स्थापित कर विधि विधान से पूजन किया। सुबह से देर रात तक आयोजनों का दौर चलता रहा।**



यूपी के पूर्व शिक्षा मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने जौनपुर में आयोजित श्री विश्वकर्मा महापूजा में भाग लिया।



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा की।

विश्वकर्मा समिति मुंबई संस्था की ओर से सार्वजनिक विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव का आयोजन सांताक्रुज (पूर्व) कालीना स्थित संस्था के प्रांगण में निर्मित विश्वकर्मा मंदिर में मनाया गया। सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित समारोह में महापूजा, स्वागत समारोह, महाप्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत लोक गायक सुरेश शुक्ल ने लोकगीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्री विश्वकर्मा वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से श्री विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव का आयोजन कांदिवली (पूर्व) हनुमान नगर स्थित वडारपाढ़ा के विश्वकर्मा मंदिर में किया गया। सुबह 10 बजे से पूजा हवन के बाद श्रद्धालुओं में महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजनों ने सामाजिक गोष्ठी में अपने विचार रखे तत्पश्चात गायक संजय मिश्रा ने भजन गीत प्रस्तुत किया। नवजीवन श्री विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से सांताक्रुज (पूर्व) स्थित वाकोला, धोबी घाट में विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। पूजा हवन के बाद सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर गायक कलाकार संगीता दुबे, अंजलि व बिपिन मिश्रा ने सम सामयिक गीत प्रस्तुत किया। 18 सितंबर को सायं 5 बजे मूर्ति विसर्जन किया गया।

श्री विश्वकर्मा विकास समिति की ओर से श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन मालाड (पूर्व) सुंदर नगर स्थित डी.जी. खेतान इंटरनेशनल स्कूल रजिया देवी गजानंद मेमोरियल हॉल में किया गया। संस्था की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बलेंद्र विश्वकर्मा व उनके साथियों ने भजन गीत प्रस्तुत किया। श्री विश्वकर्मा समाज दहिसर की ओर से विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का आयोजन रावलपाढा में किया गया। गायिका पूनम विश्वकर्मा ने समसामयिक गीत प्रस्तुत किया। श्री विश्वकर्मा कल्याण मंडल, कुर्ला संस्था की ओर से मसरानी लेन, हलाव पुल स्थित संस्था के प्रांगण में निर्मित श्री विश्वकर्मा मंदिर में सार्वजनिक श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। भारतीय श्री विश्वकर्मा कल्याण समाज संस्था की ओर से अंधेरी (पूर्व) निकलावाड़ी रोड स्थित विश्वकर्मा चौक के पास श्री विश्वकर्मा मंदिर पर विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। श्री विश्वकर्मा फॉउंडेशन की ओर से भायंदर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। विश्वकर्मा कथा से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजनों का सत्कार किया गया।

श्री विश्वकर्मा महापूजा के अवसर पर श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट रेड ब्रिगेड की ओर से जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली निकली गई। विश्वकर्मा समिति भिवंडी की ओर से नारपोली, बालाजी नगर स्थित गीता सत्संग भवन भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन दिवस मनाया गया। समाज के सभी लोगों ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा की जयकारे के गगनभेदी लगाए। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। श्री विश्वकर्मा विकास सेवा समिति की ओर से मीरा रोड, काशी मीरा (पूर्व) में सेंट जेबियरस स्कूल के पास वैष्णवी मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर में सार्वजनिक विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव मनाया गया। श्री विश्वकर्मा सहयोग सेवा समिति पवई की ओर से साकी विहार रोड, तुंगा गांव में श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायक दीपक सुहाना ने लोकगीत प्रस्तुत किया।

द कर्नाटक विश्वकर्मा एसोसिएसन की ओर से मालाड (पूर्व) स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर में विश्वकर्मा महोत्सव मनाया गया। बिहार विश्वकर्मा समाज सेवा संघ की ओर से धारावी स्थित गोल्ड फिश कम्पाउंड में श्री विश्वकर्मा महापूजा मनाया गया। श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल संस्था की ओर से भगवान श्री विश्वकर्मा जी के महापूजा का आयोजन वसई (पश्चिम) अंबाडी रोड स्थित स्वामी नारायण मंदिर हॉल में मनाया गया। हरियाणा के यमुना नगर जिले के जुड्डा जाटान गांव में समस्त ग्रामवासी व समस्त धीमान परिवार की ओर से श्री विश्वकर्मा महापूजा मनाया गया। इस अवसर पर हवन व भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विश्वकर्मा सामाजिक सेवा संस्था, रायगढ़ की ओर से सार्वजनिक विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन रोहा स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में मनाया गया।



कांदिवली में आयोजित श्री विश्वकर्मा महापूजा समारोह में सांसद गोपाल शेट्टी ने भाग लिया।




यमुना नगर हरियाणा में कारपेंटर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव के अवसर पर भंडारा का आयोजन हुआ।


HARRISON
हरीसन
कारपेंटर भाईओं को
दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएँ
लक्की विनर्स सुविधा स्कीम के तहत कारपेंटर भइओ के लिए आकर्षक स्कीम आज ही रजिस्टरर्ड करें और पाएं मौका अनेको उपहार जितने का
Mr. आनंद
नॉट:- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
9355-015-108

# प्रगति मैदान में हरीसन कंपनी की प्रदर्शनी

हरीसन

MATECIA
BUILDING MATERIAL EXHIBITION

हरीसन



"प्रगति मैदान में हुई हरीसन कंपनी की प्रदर्शनी ने एक नये अध्याय की शुरुआत की, जहां से तकनीकी समृद्धि, विज्ञान, और उद्यमिता के क्षेत्र में नई दिशाएँ खुलीं। यह एक ऐसा समय था जब उद्यमिता और तकनीकी नवाचारों का सम्मिलन नए और उत्साही उद्यमियों को एक साथ लाने के लिए हुआ। इस प्रदर्शनी में, हरीसन कंपनी ने अपनी नई और उन्नत तकनीकों की जबरदस्त उत्पादकों को प्रदर्शित किया और लोगों को एक सशक्त और सुरक्षित भविष्य की दिशा में प्रेरित किया।

प्रगति मैदान का चयन हरीसन कंपनी के लिए इस प्रदर्शनी के लिए एक अत्यंत उपयुक्त स्थान बनाता है, क्योंकि यह एक ऐसा स्थान है जो अपने व्यापक और आधुनिक सुविधाओं के लिए प्रसिद्ध है। प्रगति मैदान की व्यापकता और उदारता ने इसे एक बड़े स्थान के रूप में स्थापित किया है, जिससे लोग अच्छे से जुड़ सकते हैं और वहां होने वाले इस आयोजन का आनंद ले सकते हैं।

प्रदर्शनी की शुरुआत हुई एक विशेष उद्घाटन समारोह के साथ, जिसमें हरीसन कंपनी के उच्च पदस्थ अधिकारियों ने उद्घाटन भाषण दिया और एक नये और उत्कृष्ट यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने प्रदर्शनी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर बातचीत की और लोगों को यह आत्मसमर्पण से युक्त करने के लिए प्रेरित किया।

**प्रदर्शनी** के अंदर, हरीसन कंपनी ने अपने विभिन्न विभागों के उत्पादों को प्रदर्शित किया। इनमें से कुछ विशेष रुचिकर थे जो लोगों को खींचने में सफल हो रहे थे। उदाहरणार्थ, तकनीकी उन्नति के क्षेत्र में नवीनतम और सुधारित उपकरणों का प्रदर्शन किया गया और उनकी विशेषता और उपयोगिता पर जोर दिया गया। लोगों ने इस अवसर का लाभ उठाया और उन्होंने इन उत्पादों की विशेषता को समझा, जिससे उन्होंने नए और सुधारित तकनीकों की महत्वपूर्णता को महसूस किया।




## प्रगति मैदान प्रदर्शनी






हरीसन कंपनी नए उत्पादों का आधार रख रही है!
इनकी नई लॉन्चिंग से जुड़ी
**बड़ी खबरें आ रही हैं।**









## हरीसन ने एक नई डिवीजन का शानदार लॉन्च किया

हाल ही में, हरीसन ने एक नई डिवीजन का शानदार लॉन्च किया है, जिसका नाम **'नोयर कलेक्शन'** है। यह नई कलेक्शन हरीसन की कला और डिज़ाइन की नई ऊंचाइयों की ओर एक और कदम है, जो उनकी विविधता और नई सोच को प्रमोट करता है।




**'नोयर कलेक्शन'** ने दर्शकों को एक नए स्वरूप में डार्क और मिस्टीरियस विश्व में ले जाने का प्रयास किया है। इसमें हरीसन की योजना, रंग, और आर्टवर्क की अद्वितीयता दिखती है, जो एक नए रूप में समृद्धि का संकेत करती है।




ADVT

# मातृभूमि, मां व मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं - हरि चैतन्यपुरी

**मुंबई। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्यपुरी महाराज ने कहा कि पितृ पक्ष के बाद नवरात्र शुरू होगा। इन नौ दिनों में शक्ति की आराधना की जाती है। मां जगदंबा की आराधना व पूजा के साथ साथ अपने जन्म देने वाले माता पिता, मातृभूमि, भारत माता, गौ माता, गंगा माता, गीता माता आदि का भी सम्मान करके उनका मार्गदर्शन जीवन में अपनाएं। इन सबका निरादर करने पर मां जगदंबा भी प्रसन्न होने वाली नहीं हैं।**

उन्होंने कहा कि प्रेम, सौम्यता, संस्कार, मृदुता, वात्सल्य दया, ममता, सरलता, स्नेह, लता, मधुरता, मिठास, अपनापन, उदारता, सहनशीलता, विशालता, क्षमा का जहां दर्शन हो उसे मां कहते हैं। जिसकी कोई उपमा न दी जा सके वह है मां। जिसकी कोई सीमा नहीं वह है मां। जिसके प्रेम को कभी पतझड़ स्पर्श ना करें उसका नाम है मां। परमात्मा, महात्मा प्रभु को पाने की प्रथम सीढ़ी मां है। तलहटी की अवहेलना करके शिखर छूने की कोरी कल्पना मूर्खता है। मां की अवहेलना करके परमात्मा नहीं मिलेंगे। जहां में जिसका अंत नहीं उसे मां कहते हैं। बचपन में गोद देने वाली को बुढ़ापे में दगा देने वाला मत बनना। मां कैसी हो इतना ही पूछ लो उसे सब कुछ मिल गया।



स्वामी हरि चैतन्यपुरी महाराज ने कहा कि जन्म सार्थक उसी का है जिसका जीवन उत्थान की ओर हो, पतन की ओर नहीं। परमात्मा एक है उनके नाम विभिन्न हो सकते हैं उनके नाम उपासना विभिन्न हो सकते हैं। हम सभी उस एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो जीव मात्र का परम सुहृदय व हितैषी है। कर्म के साथ साथ उसमें पूर्ण व दृढ़ विश्वास करो। प्रभु की कृपा निश्चय ही समस्त बंधनों, समस्त विपत्तियों व समस्त कठिनाइयों से उबार लेगी। कैसा भी पापी यदि प्रभु शरण में आ जाये तो वे उसे साधु या भक्त बना लेते हैं। उसे सनातन शांति मिल जाती है। उस भक्त का कभी पतन नहीं होता व उनकी कृपा सारे संकटों से उबार लेती है। उन्होंने कहा कि प्रभु नाम लेकर उस पर दृढ़ विश्वास रखते हुए हम कोई भी कार्य करते हैं तो कदम कदम पर रक्षा करने वाले हमारे परमात्मा श्री हरि हमारे साथ होते हैं। ध्यान की एकाग्रता के लिए एक इष्ट को चुनना बहुत आवश्यक है। अंतर में अपने इष्ट का ध्यान करते हुए बाहर सभी का सम्मान, पूजा व ध्यान कर सकते हैं। यदि ना कर पाए तो कम से कम किसी का निरादर ना करें। इष्ट को सर्वोपरि माने तथा उसके प्रति निरंतर प्यार बढ़ाते रहें। पूर्णरूपेण अहिंसा व्रत का पालन करें, बर्हिमुखता त्याग कर अन्तर्मुख होंगे तो भक्ति पथ पर आगे बढ़ते हुए परमात्मा का साक्षात्कार कर सकेंगे।

अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर बिंदू दारा सिंह भी उपस्थित रहे।

# मानवतावादी विचारों से विश्व में होगी सुख शांति

**मुंबई। गुरुदेवश्री राकेशजी की निश्रा में श्रीमद् राजचंद्र मिशन धरमपुर की ओर से एन.एस.सी.आई डोम में पर्यूषण पर्व का धर्मोल्लास भरा उत्सव मनाया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस इस धार्मिक उत्सव में शामिल होकर श्रीमद् राजचंद्र मिशन धरमपुर के सामाजिक व आध्यात्मिक कार्यों के प्रदर्शन को दिलचस्पी से देखा।**

राज्यपाल ने इस नये अभियान की सराहना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र संतों की भूमि है। मुझे यह जानकर अत्यधिक खुशी हुई कि महान संत श्रीमद् राजचंद्रजी इसी मुंबई शहर में 19 वर्ष की उम्र से पधारे थे। वर्तमान में श्रीमद् राजचंद्रजी के ज्ञान धारा को जारी रखने के लिए पूज्य गुरुदेव श्री राकेशजी को मैं वंदन करता हूं और श्रीमद राजचंद्रजी की ओर से दिखाए गए मानवतावादी विचारों और पशु-कल्याण गतिविधियों के मार्ग पर चलने के लिए श्रीमद् राजचंद्र मिशन धरमपुर बधाई देता हूं। पर्युषण के अवसर पर पूज्य गुरुदेव श्री राकेशजी के सत्संग में आप सभी के साथ शामिल होकर मुझे अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। राज्यपाल को श्रीमद् राजचंद्र मिशन धरमपुर द्वारा जैन धर्म हितैषी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ राज्यपाल जी ने डीलिंग विथ एंगर एफेक्टिवली पूज्य गुरुदेव श्री राकेशजी द्वारा क्रोध शांत करने पर दिए गए प्रवचनों की सीरीज का सात भाषाओं में और तीन भाषाओं में क्षमा पर ध्यान की श्रृंखला का विमोचन किया।

श्रीमद राजचंद्र मिशन धरमपुर के वाईस- प्रेजिडेंट आत्मार्पित नेमी जी ने कहा कि आज प्रस्तुत तकनीक से पता चलता है कि आधुनिक सॉफ्टवेयर और एल्गोरिदम के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अगर सकारात्मक तरीके से उपयोग किया जाए तो वह विश्व में सुख-शांति ला सकती है। पूज्य गुरुदेव श्री के गहन आत्म-अनुभव से निकली वाणी उनके अपनी दिव्य आवाज में अब देश और भाषा की सीमाओं को पार कर दुनिया भर के जिज्ञासुओं के जीवन में रूपांतरण लाने में मदद करेगी। दुनिया आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रही है, लेकिन मानव जाति भौगोलिक क्षेत्रों में संघर्षों और विवादों में फंसी हुई है। ऐसे में श्रीमद् राजचंद्र मिशन धरमपुर सार्वभौमिक शांति और प्रेम का संदेश फैलाने के लिए टेक्नोलॉजी का



अभिनव तरीके से उपयोग कर रहा है। पूज्य गुरुदेव श्री राकेशजी के सत्संग अंक का उपयोग करके अंग्रेजी, हिंदी, फ्रेंच, स्पेनिश, मैंडरिन, रूसी, जर्मन और पोर्तुगीस इन आठ भाषाओं में उनकी अपनी दिव्य आवाज में प्रस्तुत किये जाएंगे। विश्व भर में आध्यात्मिक विकास के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी का यह नूतन उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। श्रीमद राजचंद्र मिशन धरमपुर के यूट्यूब चैनल पर विश्व की सात भाषाओं में पूज्य गुरुदेव श्री राकेशजी के डब किए गए सत्संग-ध्यान आदि दिखाए जाते हैं। ये चैनल 191 देशों में देखे जाते हैं और इनके लाखों सब्सक्राइबर्स हैं। इन चैनलों पर आ रही प्रतिक्रियाएँ इस बात का प्रमाण है कि इन सत्संग से अनेकों हृदय परिवर्तित हो रहे हैं।

## जायका इंडिया का

# बटाटा वड़ा



**सामग्री** - 4 मध्यम आकार के आलू,1 कप बेसन,1/4 चम्मच बेकिंग सोडा,1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर,कुछ करी पत्ते,लहसुन की 8 कलियां, 1 छोटा टुकड़ा अदरक, 6 हरी मिर्च, 3/4 चम्मच सरसों के बीज,1/2 चम्मच हल्दी पाउडर, ताजा हरा धनिया, बारीक कटा हुआ, नमक स्वादानुसार तलने के लिए तेल

**विधि** - एक बड़े बाउल में उबले हुए आलू को मैश करके अलग रख लें। हरी मिर्च, करी पत्ता, अदरक और लहसुन को ओखली और मूसल की सहायता से कूट लें। इन्हें काटने के लिए आप चॉपर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। एक कड़ाही में 2 बड़े चम्मच तेल गर्म करें और उसमें राई डालें। राई बीज फूटने दें और फिर इसमें करी पत्ता और तैयार किया हुआ पिसा हुआ मिश्रण डालें। जलने से बचाने के लिए मध्यम आंच पर लगातार चलाते रहें। मैश किये हुए आलू में हल्दी पाउडर डालिये और तड़का हुआ गरम मसाला मिला दीजिये। स्वादानुसार नमक और मुट्ठी भर धनिया पत्ती डालें।

अगर मिश्रण बहुत गर्म है तो इसे मिलाने के लिए चम्मच का इस्तेमाल करें। बाद में हाथ से मिला लें। अपनी हथेलियों में थोड़ा सा तेल लें और बराबर आकार की छोटी-छोटी लोइयां बना लें। जब तक आप वड़ों का बैटर या कोटिंग तैयार न कर लें, तब तक बॉल्स को एक तरफ रख दें। एक बड़े कटोरे में बेसन, नमक, बेकिंग सोडा और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। धीरे-धीरे पानी डालें और औसत स्थिरता का घोल बनाएं। वड़े बनाने के लिए ध्यान रखें कि बैटर बहुत गाढ़ा या बहुत पतला न हो। एक फ्राइंग पैन में अच्छी मात्रा में तेल गर्म करें, तैयार बेसन के घोल में एक बार में 2 वड़े डुबोएं और मध्यम गर्म तेल में सुनहरा भूरा होने तक तलें। ध्यान रखें कि तेल ज्यादा गरम न हो, नहीं तो वड़ा भूरा हो जायेगा। तली हुई नमकीन हरी मिर्च और सूखी लहसुन की चटनी के साथ तुरंत परोसें।

# योग को बनाइये जीवन का हिस्सा - परेश रावल

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता परेश रावल ने कहा कि शरीर को स्वस्थ बनाये रखने के लिए



योग को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। प्रभात कॉलोनी स्थित द योगा इंस्टीट्यूट में डॉ. हंसाजी योगेंद्र की हिंदी संस्करण '7 सूत्र' पुस्तक के विमोचन अवसर पर रावल ने कहा कि योग मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहा है। मैं गर्वित हूं कि डॉ. हंसाजी योगेंद्र की पुस्तक को लॉन्च कर रहा हूं। उनकी शिक्षाओं ने अनगिनत लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला हैं और मुझे भी इसका हिस्सा बनने का बेहद आनंद है। डॉ. हंसाजी योगेंद्र ने अपनी पुस्तक के हिंदी संस्करण के बारे में कहा कि योग की पूरी दुनिया में स्वीकार्यता बढ़ी है। मुझे गर्व है कि मैं इन परिवर्तनकारी सिद्धांतों को हिंदी में साझा कर रही हूं। योगा इंस्टिट्यूट 1918 में योग गुरु श्री योगेंद्र द्वारा स्थापित किया गया था, दुनिया के सबसे पुराने योग केंद्रों में से एक है। योग के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ी है, इस पुस्तक से योग के लाभों को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर योगा इंस्टिट्यूट के प्रतिभाशाली छात्रों ने योग और कलात्मक अभिव्यक्ति आधारित नृत्य प्रदर्शन किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)


AIPL
ABRO®
A TRUSTED NAME WORLDWIDE®
AIPL
25
YEARS
OF EXCELLENCE
CELEBRATING
TRUST
ZORROFIT®
Furniture Accessories
TELESCOPIC CHANNELS
HINGES
INNO BOX
HYDRAULIC LIFT-UP
FIXTURES COMMITTED TO EXCELLENCE
▪ 2 LACS EMPTY CYCLE TESTED
▪ 96 HOURS SALT SPRAY TESTED
▪ COATING THICKNESS 5 MICRONS
TEN YEAR WARRANTY
10 YEAR
WARRANTY
AIPL
AIPL ZORRO PVT. LTD.
302, 3rd Floor, D-Mall, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi-110034
In case of consumer complaint contact Customer Care Executive
AIPL ZORRO PVT. LTD.: Address as above
Contact No.: 011-49010144, Whatsapp No.: +917827937302, E-mail : info@aiplabro.com
TOLL-FREE NO
1800 27 40409
www.aiplabro.com

# शोध : पांच लाख वर्ष पूर्व मनुष्य लकड़ी से बनाते थे बड़ी संरचनाएं




**हाल ही में प्रकाशित एक शोध अध्ययन के अनुसार पांच लाख वर्ष पूर्व अफ्रीका में मनुष्य लकड़ी की बड़ी संरचनाएं बनाते थे। यह खोज संरचनात्मक लकड़ी के काम के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को काफी हद तक पीछे ले जाती है। इससे पहले इस शिल्प के सबसे पुराने ज्ञात उदाहरण ब्रिटिश झील के किनारे पर 9,000 साल पुराने मंच थे। यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग की पुरातत्वविद एनीमीके मिल्क्स का कहना है कि नई खोज से पता चला है कि वे लकड़ी का उपयोग न केवल भाले या खोदने वाले छड़ों के लिए करते थे, बल्कि मंच या रास्ते जैसी कहीं अधिक महत्वाकांक्षी संरचनाओं के लिए भी करते थे।**

द न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित खबर के अनुसार प्राचीन लकड़ी की खोज 2019 में वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने जाम्बिया में एक विशाल झरने के पास की थी, जिसे कलम्बो फॉल्स के नाम से जाना जाता है। 1950 के दशक में एक ब्रिटिश अंतरराष्ट्रीय टीम ने जाम्बिया में पुरातत्वविद डेसमंड क्लार्क को झरने के पास एक विशाल झरने के पास पत्थर के प्राचीन औजार के साथ लकड़ी के कुछ टुकड़े मिले, जिन्हें उन्होंने खुदाई में उपयोग होने वाली छड़ और भाला माना। कुछ टुकड़े ऐसे लग रहे थे, मानो उन्हें जलाया गया हो। यह लोगों द्वारा आग जलाने के सबसे पुराने साक्ष्यों में से एक रहा होगा।

डॉ. क्लार्क उन लकड़ियों की उम्र निर्धारित नहीं कर पाए, क्योंकि रेडियोकार्बन डेटिंग का इस्तेमाल 50 हजार वर्ष से कम पुरानी चीजों की उम्र जानने के लिए किया जाता था। पर कलम्बो फॉल्स में पाई गई लकड़ी उससे बहुत पुरानी थी। वर्ष 2006 में लीवरपुल विश्वविद्यालय के पुरातत्वविद लॉरेंस बरहम अपने साथियों के साथ कलम्बो फॉल्स पहुंचे। उन्होंने आयु निर्धारित करने का नया तरीका विकसित कर लिया था। उन्हें पत्थर के और भी औजार मिले। उन्होंने निर्धारित किया कि तलछट की सबसे पुरानी परतें, जिनमें पत्थर के उपकरण थे, तीन से पांच लाख वर्ष पुरानी थीं। यानी ये उपकरण आधुनिक मानव के विकास से बहुत पहले बनाए गए थे।

वैज्ञानिकों ने 2019 में फिर से वहां की यात्रा की और इस बार और शक्तिशाली डेटिंग तकनीक का उपयोग किया। वहां उन्हें रेत से निकली हुई लकड़ी की छड़ी दिखी। पानी में उन्हें एक नुकीला सिरा मिला, जो छड़ी के एक सिरे पर बिल्कुल फिट बैठता था। वहां शोधकर्ताओं को पत्थर के और भी औजार मिले, जो कील और वी आकार के थे। यह हस्तशिल्प का संकेत था। डॉ. डुलर ने वहां मिली लकड़ियों की उच्च-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें लीं, जिनमें लकड़ी पर कटे के निशान दिखाई दे रहे हैं, जिससे पता चलता है कि लोगों ने उन पर औजारों से काम किया था।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के संयोजक नियुक्त



**नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नई दिल्ली में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कार्यशाला आयोजित की गई। इस बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए देश के 25 राज्यों में संयोजक नियुक्त किये गए हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा मुंबई अध्यक्ष नरेंद्र गांवकर को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मुंबई प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है।**

अनिल सोले महाराष्ट्र, सिद्धार्थ शंबू बिहार, जगन्नाथ चट्टोपाध्याय पश्चिम बंगाल, राना भाई देसाई गुजरात, श्रीपद्मनाभन केरल, नरसिंह गौड तेलंगाना, वी विश्वनाथन छत्तीसगढ़, जवाहर सैनी हरियाणा, मानवेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश, जी के नागराज तमिलनाडु, दिलीप दास असम, अनिल सरिन पंजाब, सुनील प्रजापति जम्मू कश्मीर, समीर मोहंती ओड़िशा, तपस मजूमदार त्रिपुरा, महेंद्र धर्माणी हिमांचल प्रदेश, प्रभुलाल सैनी राजस्थान, रोंगला गोपी श्रीनिवास आंध्रप्रदेश, रामदास कर्नाटक, नरेंद्र सवईकर गोवा, प्रवीण साहू झारखंड, राकेश गिरी उत्तराखंड, सुनील यादव दिल्ली और रामबीर भट्टी को चंडीगढ़ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 के बीच पांच वर्षों में 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले वर्ष में पांच लाख परिवारों को लाभ मिलेगा और पांच वर्षों में कुल 30 लाख परिवारों को इस योजना से लाभ मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।



# कारपेन्टर/कोन्ट्राक्टर भाइयों के लिये टोकन / कटर मशीन / ड्रील मशीन ऑफर

EURO® 7000

SYNTHETIC WOOD ADHESIVE

अब 800 Gm पाउच में उपलब्ध





ड्रम पैक साइज
800 Gm X 70 Pouches

| ड्रम पैक | ऑफर |
|---|---|
| यूरो एडहेसिव WP 2IN1 के एक ड्रम पर पाइये स्पेशल ऑफर 800 Gm X 70 Nos | 15 Rs. टोकन / पाउच अथवा कटर मशीन अथवा ड्रील मशीन |

**15 Rs/-**
**टोकन / पाउच**

अथवा




अथवा




JYOTI RESINS & ADHESIVES LIMITED

www.euro7000.com

# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी

**नवरात्र के 9 दिन मां के अलग-अलग 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है। वहीं रात में जागरण, डांडिया, गरबा आदि का कार्यक्रम होगा। सनातन धर्म में नवरात्र के पर्व का विशेष महत्व है। हर साल 4 बार नवरात्र का पर्व आता है, जिसमें से दो गुप्त नवरात्र होते हैं और 2 नवरात्र में चैत्र नवरात्र और दूसरा शारदीय नवरात्र होता है। इनमें मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है। सभी नवरात्र में मां दुर्गा के शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री रूपों का पूजन और अर्चना की जाता है। आइए नवरात्र में करते हैं मां भवानी के 9 स्वरूप के दर्शन।**




**हिमालय की पुत्री हैं शैलपुत्री :** पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के स्वरूप में साक्षात शैलपुत्री की पूजा देवी के मंडपो में पहले नवरात्र के दिन होती है। इनके एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे हाथ में कमल का पुष्प है। यह नंदी नामक बैल पर सवार संपूर्ण हिमालय पर विराजमान है। यह वृषभ वाहन शिव का ही स्वरूप है। घोर तपश्चर्या करने वाली शैलपुत्री समस्त वन्य जीव जंतुओं की रक्षक भी है।

**देवी ब्रह्मचारिणी :** नवदुगाओं में दूसरी दुर्गा का नाम ब्रह्मचारिणी है। इनकी पूजा नवरात्र के दूसरे दिन की जाती है। ब्रह्मचारिणी इस लोक के समस्त चर और अचर जगत की विद्याओं की ज्ञाता है। इनका स्वरूप श्वेत वस्त्र में लिप्टी हुई कन्या के रूप में है, जिनके एक हाथ में अष्टदल की माला और दूसरे हाथ में कमंडल है। यह अक्षयमाला और कमंडल धारिणी ब्रह्मचारिणी नामक दुर्गा शास्त्रों के ज्ञान और निगमागम तंत्र-मंत्र आदि से संयुक्त है।

**देवी चंद्रघण्टा :** मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघण्टा है। नवरात्र के तीसरे दिन इन्हीं देवी की पूजा की जाती है। इनका स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी कारण इस देवी का नाम चंद्रघण्टा पड़ा है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला और वाहन सिंह है। इनकी उपासना से भक्तगण समस्त सांसारिक कष्टों से छूटकर सहज ही परमपद के अधिकारी बन जाते हैं।

**देवी कूष्माण्डा :** कूष्माण्डा देवी ब्रह्मांड से पिण्ड को उत्पन्न करने वाली दुर्गा कहलाती है। अपनी मंद हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्माण्डा पड़ा। दुर्गा माता का यह चैथा स्वरूप है। इसलिए नवरात्र में चतुर्थी तिथि को इनकी पूजा होती है। लौकिक स्वरूप में यह बाघ की सवारी करती हुई, अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्न जटित स्वर्ण मुकुट वाली, एक हाथ में कमंडल और दूसरे हाथ में कलश लिए हुए उज्जवल स्वरूप की दुर्गा है।

**देवी स्कंदमाता :** छान्दोगय उपनिषद् के प्रवर्तक सनत्कुमार की माता भगवती का नाम स्कंद है। अतः उनकी माता होने से कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री देवी को पांचवी दुर्गा स्कंदमाता के रूप में पूजा जाता है। अपने सांसारिक स्वरूप में यह देवी सिंह पर विराजमान है। इस दुर्गा का स्वरूप दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनत्कुमार को थामे हुए है।

**देवी सिद्धिधात्री :** सिद्धि और मोक्ष देने वाली दुर्गा को सिद्धिदात्री कहा जाता है। यह देवी भगवान विष्णु की प्रियतमा लक्ष्मी के समान कमल के आसन पर विराजमान है। हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हुए है। नवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा करने के लिए नवाहन का प्रसाद और नवरस युक्त भोजन और नौ प्रकार के फल फूल आदि का अर्पण करके है।

**देवी कात्यायनी :** मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुईं थीं। महर्षि कात्यायन से सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी, इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी है।

**देवी कालरात्रि :** अपने महा विनाशक गुणों से शत्रुओं और दुष्टों का संहार करने वाली सातवीं दुर्गा का नाम कालरात्रि है। विनाशिका होनें के कारण इनका नाम कालरात्रि पड़ा। आकृति और सांसरिक स्वरूप में यह कालिका का अवतार यानि काले रंग रूप और अपनी विशाल केश राशि को फैलाकर चार भुजाओं वाली दुर्गा है जो वर्ण और वेश में अर्द्धनारीशवर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं।

**अन्नपूर्णा का स्वरूप है महागौरी :** नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। अपनी तपस्या से इन्होंने गौर वर्ण प्राप्त किया था। उत्पत्ति के समय यह आठ वर्ष की आयु की थी। इसलिए उन्हें नवरात्र के आठवें दिन पूजा जाता है। अपने भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप है। यह धन वैभव और सुख शांति की अधिष्ठात्री देवी है। सांसारिक रूप में इनका स्वरूप बहुत ही उज्जवल कोमल, श्वेतवर्ण और श्वेत वस्त्रधारी है।

OZONE® FOR A SAFER WORLD | किचन और फर्निचर फिटिंग्स

**अब किचन में जितनी भी उठापटक हो**
**ओज़ोन किचन फिटिंग्स सब संभाल लेंगे**

भारतीय किचन सामान से ओवर-लोडेड होते हैं। चाहे कितनी भी बड़ी किचन हो, छोटी पड़ ही जाती है। रेगुलर यूज़ क्रॉकरी, गेस्ट क्रॉकरी, पार्टी कुकिंग सेट जैसे आइटम्स अक्सर हर किचन में ज़रूरत से ज़्यादा देखने को मिलते हैं। वुडन कैबिनेट, पुल-आउट बास्केट और ट्रे के इस्तेमाल का तरीका भी देखने वाला होता है!



हमारा किचन हर दिन अलग तरह की उठापटक सहता है। इसीलिए ज़रूरी है ऐसे किचन फिटिंग्स की, जो हमारे डेली यूज़ के तरीकों को ध्यान में रखकर बनाई गई हो। इंडियन स्टाइल में टेस्टेड हो। टेक्नोलॉजी के मामले में वर्ल्डक्लास हो। साथ ही दिखने में स्टाइलिश और सुन्दर हो। ओज़ोन किचन फिटिंग्स इन सब फेक्टर्स को ध्यान में रख कर इनोवेट की गई है।

**ओज़ोन हार्डवेयर क्यों फेमस है?**

ओज़ोन भारत में हार्डवेयर फिटिंग एण्ड सॉल्यूशन का नामी मैन्युफैक्चरर है। ओज़ोन के प्रत्येक प्रोडक्ट्स हाई-क्वालिटी और इनोवेशन के मानकों पर खरा उतरते हैं। साथ ही कस्टमर्स की जरूरतों के हिसाब से नेक्स्ट-जेन डिजाइन भी उपलब्ध करवाते हैं।

चाहे फर्नीचर, डिजिटल लॉक्स, ग्लास फिटिंग्स, दरवाज़े और रेलिंग्स की बात हो या किचन फिटिंग्स रेंज की, ओज़ोन के हर प्रोडक्ट्स इनोवेशन की नई परिभाषा गढ़ते हैं।

**एक्सपर्ट्स किस किचन फिटिंग्स की सलाह देते हैं?**

मॉड्यूलर किचन में प्रि-मेड या रेडीमेड किचन कैबिनेट होते हैं। यानी यह किचन अनेक यूनिट्स से मिलकर बना हुआ होता है। अगर ये कैबिनेट या यूनिट्स अच्छी क्वालिटी के नहीं होंगे, तो कुछ समय में आपको या तो स्लाइडिंग प्रॉब्लम देखने को मिलेगी या बास्केट्स और कैबिनेट्स लटके हुए नज़र आएंगे। ऐसे में एक्सपर्ट्स ओज़ोन किचन फिटिंग्स की सलाह देते हैं।

इन फिटिंग्स को **50 हजार साइकल्स पर टेस्ट** किया जाता है। साथ ही **15 साल की वारंटी** भी मिलती है। यानी एक बार लगाओ, लॉन्ग टाइम तक टेंशन-फ्री हो जाओ।








**ओज़ोन किचन फिटिंग्स के बेहतरीन फीचर्स:**

- पूरी रेंज स्टेनलेस स्टील से बनी
- ऊपर क्रोम की प्लेटिंग
- 15 साल की वारंटी
- जंग लगने का कोई चांस ही नहीं
- स्लाइड इंस्टालेशन के लिए साइड ब्रैकेट्स उपलब्ध
- सॉफ्ट क्लोज़ फिटिंग्स

ड्यूरेबल और मजबूत फिटिंग्स, स्लीक डिज़ाइन, 40 किलो वजन सहने की क्षमता वाले टेलीस्कोपिक स्लाइड्स, आसान इंस्टालेशन और हिंजेज के थ्री डाइमेंशनल एडजस्टमेंट फीचर बनाता है ओज़ोन किचन फिटिंग्स को ज़्यादा भरोसेमंद, टिकाऊ और सुन्दर।

अब बेफिक्र ओज़ोन किचन फिटिंग्स अपनाइए और किचन में मनचाही उठापटक कीजिए। क्योंकि ओज़ोन किचन फिटिंग्स सब संभाल लेंगे। अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

www.ozone-india.com 09310012300

# उर्फी जावेद का बाबू भईया अंदाज

टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस ओटीटी के सीजन एक में नजर आ चुकी उर्फी जावेद आज हर कोई जानता हैं। एक्ट्रेस अपने अतरंगी अंदाज के लिए काफी प्रसिद्ध है। उर्फी जावेद कभी अपने यूनिक फैशन सेंस के साथ तो कभी यूनिक ड्रेसिंग सेंस से लोगों को हैरान कर देती है। उर्फी जावेद कब क्या पहनकर आ जाएगी कोई अंदाजा नहीं लगा सकता है। उर्फी अक्सर ही अपने कपड़ों के साथ एक्सपेरिमेंट करती नजर आती हैं। उर्फी जावेद के फैशन सेंस को अब शायद ही कोई टक्कर दे सकता है।




एक्ट्रेस के यूनिक फैशन सेंस ने उन्हें इतनी पॉपुलैरिटी दिला दी है कि आज वह फैशन इंडस्ट्री का एक नामी चेहरा बन गई हैं। अब इसी बीच एक्ट्रेस का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एकदम अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। उर्फी जावेद को उनकी बहनों के साथ मुंबई में स्पॉट किया गया। इस दौरान उर्फी जावेद के नए आउटफिट ने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने एक बार फिर अपनी ड्रेस के साथ नया प्रयोग किया है। उर्फी जावेद ने व्हाइट कलर का टी-शर्ट के साथ धोती पहनी है। और उनकी टी शर्ट पर लोगों की नजर टिक गई। एक्ट्रेस की टी शर्ट पर फिल्म हेरा फेरी में परेश रावल के कैरेक्टर बाबूराव गणपत राव आप्टे की तस्वीर बनी हुई है। इसके अलावा एक हाथ नजर आ रहा है जिसमें बंदूक है। एक्ट्रेस की टी शर्ट पर लिखा है तू कब तक झूठ बोलेगा रे कुतरिया, वीडियो में उर्फी जावेद ने काला चश्मा पहना हुआ है और परेश रावल के कैरेक्टर की नकल करती नजर आ रही हैं।

# नेहा की कातिलाना अदाएं



भोजपुरी सिनेमा की अभिनेत्री नेहा मलिक शानदार एक्टिंग करती हैं, वह अपनी कातिलाना अदाओं से दिल धड़कने का भी कोई मौका नहीं छोड़ती है। सोशल मीडिया क्वीन नेहा मलिक ने की खूबसूरती के चर्चे हर तरफ होती है। 32 बरस की नेहा मलिक की इंस्टाग्राम पर काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए फैंस इंतजार करते हैं। नेहा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है। ग्रीन आउटफिट, दिल लूटने वाली मुस्कुराहट और कातिलाना एक्सप्रेशंस। नेहा मलिक का हुस्न देखकर फैंस भी तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं। नेहा मलिक अपनी मम्मी के साथ दुबई में छुट्टियां एन्जॉय कर रही थी। एक्ट्रेस ने होटल स्टाफ के साथ तस्वीर भी शेयर की थी। इस वन शोल्डर ग्रीन ड्रेस में नेहा मलिक सुपर फिट लग रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने लुक को क्लासी टच देने के लिए मेकअप मिनिमम रखा है, साथ ही डबल लेयर ईयररिंग्स और गोल्डन ब्रेसलेट कैरी किया है।



# श्वेता तिवारी का विवादों से गहरा नाता

फिल्म अभिनेत्री श्वेता तिवारी अपने काम को लेकर हमेशा सुर्खियां बटोरती हैं। वह अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी वह काफी लाइमलाइट में रहती है। श्वेता तिवारी के नाम के साथ कई विवाद जुड़ चुके है, जिन्हें लेकर उन्हें काफी विरोध का सामना करना पड़ा है।

श्वेता तिवारी को अपना एक बयान काफी भारी पड़ा था। जब उन्होंने कहा था कि मेरे ब्रा का साइज भगवान ले रहे हैं, उनका ये वीडियो काफी वायरल हुआ था। जिसका काफी विरोध किया गया था। संस्कृति बचाओ मंच के सदस्यों ने एक्ट्रेस माफी मांगने को कहा था और मिली जानकारी के अनुसार श्वेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। एक्ट्रेस के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी। 2009 में रियलिटी टीवी शो के दौरान भी श्वेता विवाद में घिर गई थीं। उस दौरान एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक्ट्रेस को बिकिनी में नहाते हुए देखा गया था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद उन्हें लोगों की नफरत का सामना करना पड़ा था।

श्वेता तिवारी का तलाक भी काफी चर्चा में रहा। एक्ट्रेस के पहले पति राजा चौधरी संग उनकी 9 साल की शादी टूटी थी। उस दौरान श्वेता तिवारी ने राजा पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। उस दौरान राजा ने भी उनके खिलाफ काफी कुछ कहा था। राजा के बाद जब श्वेता ने दूसरी शादी अभिनव के साथ की तो उसका अंजाम भी अच्छा नहीं रहा। श्वेता ने अभिनव पर गंभीर आरोप लगाए और उनसे अलग होने का फैसला किया। श्वेता तिवारी को दोनों शादियों से एक एक संतान है।

# भतीजे के डेब्यू से खुश अभय देओल

सनी देओल के गदर मचाने के बाद अब चारों तरफ चर्चा उनके छोटे बेटे राजवीर देओल के डेब्यू की हो रही है। राजवीर ने रिलीज हुई फिल्म दोनो से बॉलीवुड में कदम रखा है। राजश्री बैनर के तले बनी इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा ने भी डेब्यू किया है। अवनीश बड़जात्या निर्देशित फिल्म दोनो को समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इतना ही नहीं कहानी और निर्देशन के साथ ही फिल्म में राजवीर और पलोमा के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है। लोगों की तारीफों के बीच अब राजवीर को उनके चाचा अभय देओल ने एक सलाह दी है। देओल खानदान का एक और राजकुमार बॉलीवुड की ओर अपना कदम बढ़ा चुका है। ऐसे में धर्मेंद्र से लेकर बॉबी देओल तक सभी इस मौके पर बेहद खुश है। धर्मेंद्र, सनी और बॉबी देओल के साथ ही अभिनेता अभय



देओल भी अपने भतीजे को डेब्यू करते देख खुशी से झूम उठे हैं। जहां कुछ दिन पहले बॉबी देओल ने राजवीर को बधाई दी थी, वहीं अब अभय देओल ने अपने भतीजे को उसकी पहली फिल्म दोनो के लिए बधाई दी। बधाई देने के साथ ही अभय देओल ने राजवीर देओल को एक खास सलाह भी दी।

अभय देओल ने इंस्टाग्राम पर राजवीर और पलोमा की कुछ तस्वीरें साझा की और एक खास संदेश लिखा। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है कि मैंने इसे एक बच्चे के रूप में अपनी बाहों में ले रखा है। तुम्हारी पहली फिल्म के लिए बधाई राजवीर, अपने आपको दुनिया के सामने रखना आसान नहीं है, जिससे सभी लोग आपको जज करें। मैं हमेशा तुम्हारा चियरलीडर रहूंगा, क्योंकि मुझे तुम पर हमेशा से भरोसा रहा है। तुम और पलोमा ढिल्लन दोनों का पूरा जीवन सामने है, ऐसे में याद रखना कि प्यार को गले लगाना, आलोचना को स्वीकार करना और नफरत को नजरअंदाज करना।



# पंकज त्रिपाठी ने लगाई झाड़ू

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आयोजित स्वच्छांजलि कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता एक दिन या एक घंटे का विषय नहीं है, बल्कि स्वच्छता को हमें अपने जीवन में उतारने की जरुरत है। सायन तालाब संकुल में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह हम गांवों में कुंआ, पोखर, ताल - तलैया को साफ रखते हैं और उसे देवता की तरह पूजते हैं उसी तरह हमें शहरों में भी तालाब, समुद्र तट को साफ रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन परंपराओं को हमें जीवन में उतारने की जरुरत है।


OZONE®
FOR A SAFER WORLD
किचन और फर्निचर फिटिंग्स
लोड ले
सालों चले
कैबिनेट हिंजस
टेलीस्कोपिक चैनल
हम सब
संभाल लेंगे
अर्गोटेक स्लिम ड्रावर सिस्टम
अर्गोटेक स्टैंडर्ड ड्रावर सिस्टम
अन्डरमाउंट टेलीस्कोपिक चैनल
वाइड ओपनिंग कॉर्नर हिंजस
15 साल तक की वारंटी*
100 किलो तक
वजन उठाने की क्षमता
सॉफ्ट क्लोज में उपलब्ध
50,000* साइकल्स टेस्टेड प्रोडक्ट्स
पूर्ण ओज़ोन प्रोडक्ट्स की जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
किचन फिटिंग्स की जानकारी के लिए, संपर्क करें: 09310012300
*नियम व शर्तें लागू